INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	Class work
पाठ- **रहीम के दोहे**	Topic - प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book.

अति लघु प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1- कवि रहीम का पूरा नाम क्या है?

उत्तर - कवि रहीम का पूरा नाम "अब्दुर्रहीम खानखाना" है।

प्रश्न 2- वृक्ष की विशेषता क्या होती है?

उत्तर - वह कभी अपने फल नहीं खाता।

प्रश्न 3- सज्जन लोग धन संचय किसलिए करते हैं?

उत्तर - सज्जन लोग धन संचय दूसरों की भलाई के लिए करते हैं।

प्रश्न 4- रहीम ने किस धागे को न तोड़ने के लिए कहा है?

उत्तर - रहीम ने प्रेम रूपी धागे को न तोड़ने के लिए कहा है।

प्रश्न 5- रहीम के दोहों में किसका महत्त्व बताया गया है?

उत्तर - रहीम के दोहों में विनम्रता का महत्त्व बताया गया है।

प्रश्न 6- रहीम कौन थे?

उत्तर - रहीम जी अकबर के दरबार के एक प्रसिद्ध कवि थे।

लघु प्रश्नोत्तर

प्रश्न - 1 रहीम ने थोड़े दिनों की विपदा को 'भली' क्यों कहा है?

उत्तर -रहीमदास ने थोड़े दिन की विपदा को 'भली' कहा है क्योंकि उस दौरान मनुष्य को यह पता चल जाता है कि संसार में कौन हमारा हितैषी है और कौन दुश्मन है।

प्रश्न - 2 हमें अपनी जिह्वा से सोच-समझकर क्यों बोलना चाहिए?

उत्तर - हमें अपनी जिह्वा से सोच-समझकर बोलना चाहिए क्योंकि यदि हम बिना बिचारे कुछ बोल देते हैं तो दूसरों को बुरा लग सकता है और हमारी पिटाई हो सकती है।

प्रश्न - 3 रहीम ने तरुवर और सरोवर का उदाहरण देकर क्या समझाने का प्रयत्न किया है?

उत्तर - रहीम जी ने समझाया है कि पेड़ और तालाब हमेशा दूसरों की भलाई करते हैं। इसी तरह अच्छे लोग भी अपने धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करते हैं।

प्रश्न - 4 प्रेम का धागा टूटने का क्या परिणाम होता है?

उत्तर - प्रेम का रिश्ता एक बार टूटने पर दोबारा पहले जैसा नहीं जुड़ता। यदि रिश्ता जुड़ भी जाए, तो मन में पुरानी कड़वाहट हमेशा के लिए रह जाती है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 रहीम ने सुई और तलवार के उदाहरण किस संदर्भ में दिए हैं?

उत्तर -रहीमदास का मानना है कि हमें प्रत्येक वस्तु को या मनुष्य को समान महत्व देना चाहिए। क्योंकि एक का स्थान दूसरा नहीं ले सकता जैसे सुई कपड़े सिलने के काम आती है और तलवार युद्ध में। इन दोनों का प्रयोग एक-दूसरे के स्थान पर नहीं किया जा सकता।

प्रश्न - 2 मोती, मनुष्य और आटे के लिए पानी का क्या महत्व है?

उत्तर - मोती, मनुष्य और आटे के लिए पानी का बहुत महत्व है। यदि पानी न हो तो मोती का कोई महत्व न रहेगा। पानी में ही मोती उत्पन्न होता है, पानी अर्थात सम्मान के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है और पानी के बिना आटे की रोटी नहीं बन सकती|

व्याकरण भाग

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।

1 तीर — किनारा, बाण
2 कर — हाथ, टैक्स
3 कुल — सब, वंश
4 पर — पंख, परंतु
5 लाल — पुत्र, रंग
6 कल — बीता हुआ या आने वाला दिन, यंत्र या पुर्जा
7 पत्र — चिट्ठी, पत्ता
8 फल — खाने वाला फल, परिणाम

2. दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखिए। उत्तर

1. तुम कल मेरे साथ बाज़ार चलना।	तुम, मेरे
2. आप बाहर किसे देख रहे थे?	आप, किसे
3. मैं और मेरा भाई रोज़ समय पर स्कूल जाते हैं।	मैं, मेरा
4. उसने कहा कि शायद घर के अंदर कोई है।	उसने, कोई
5. उसकी आँख में कुछ गिर गया।	उसकी, कुछ
6. जैसी करनी, वैसी भरनी।	जैसी, वैसी
7. जो मेहनत करता है, वही सफल होता है।	जो, वही
8. मुझे खाने के लिए कुछ दे दो।	मुझे, कुछ
9. आज आपने खाने में क्या बनाया है?	आपने, क्या
10. मैंने अपना काम पूरा कर लिया है।	मैंने, अपना

3. दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए -

1 -	निर् -	निर्भय,	निर्दोष
2 -	हम -	हमराही,	हमसफ़र
3 -	अप -	अपमान,	अपशब्द
4 -	वि -	विदेश,	विनाश
5 -	ख़ुश -	ख़ुशबू,	ख़ुशकिस्मत
6 -	भर -	भरपूर,	भरपेट

4. दिए गए प्रत्ययों से दो - दो शब्द बनाइए -

1 -	पन	-	बचपन,	लड़कपन
2 -	आपा	-	बुढ़ापा,	मोटापा
3 -	नाक	-	शर्मनाक,	दर्दनाक
4 -	त्व	-	अपनत्व,	देवत्व
5 -	मान	-	शक्तिमान,	बुद्धिमान
6 -	ईन	-	रंगीन,	नमकीन

****